Bareilly, Wednesday, 3 June 2026
BAREILLY EDITION
Pages 12

दैनिक जागरण inext



# फाइटर टीम ने किंग्स को आठ रन से हराया

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (2 June):** एसआरएमएस मैदान भोजीपुरा में समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है. मंगलवार को खेले गए मुकाबले में फाइटर ने किंग्स को आठ रन से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की. मैच के नायक श्रेयांश मौर्य रहे, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई.

## टास जीतकर बल्लेबाजी

टास के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइटर टीम ने 37.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 211 रन बनाए. टीम की ओर से श्रेयांश मौर्य ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 83 गेंदों पर 81 रन बनाए. उनकी पारी में 10 आकर्षक चौके शामिल रहे. अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही. 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स की टीम ने अच्छी शुरुआत की और मुकाबले को रोमांचक बना दिया. हालांकि महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट गंवाने के कारण टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी. पूरी टीम 28.3 ओवर में 203 रन बनाकर आलआउट हो गई.

## श्रेयांश मैन आफ द मैच

गेंदबाजी में भी श्रेयांश मौर्य का प्रदर्शन शानदार रहा. उन्होंने अपने आठ ओवर के स्पेल में मात्र 38 रन देकर पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए. उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया.

बरेली, बुधवार
3 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण



# फाइटर टीम ने किंग्स को आठ रन से हराया

**बरेली :** एसआरएमएस मैदान भोजीपुरा में समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में फाइटर ने किंग्स को आठ रन से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मैच के नायक श्रेयांश मौर्य रहे, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई।

टास के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइटर टीम ने 37.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 211 रन बनाए। टीम की ओर से श्रेयांश मौर्य ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 83 गेंदों पर 81 रन बनाए। उनकी पारी में 10 आकर्षक चौके शामिल रहे। अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स की टीम ने अच्छी शुरुआत की और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। हालांकि महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट गंवाने के कारण टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। पूरी टीम 28.3 ओवर में 203 रन बनाकर आलआउट हो गई।

गेंदबाजी में भी श्रेयांश मौर्य का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अपने आठ ओवर के स्पेल में मात्र 38 रन देकर पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उनके इस हरफनमौला प्रदर्शन ने मैच का रुख बदल दिया और विरोधी टीम को दबाव में ला दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वि.

हिन्दुस्तान
1936
बुधवार
3 जून 2026, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का



# एसआरएमएस फाइटर ने आठ रनों से दर्ज की जीत




एसआरएमएस समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में श्रेयांश मौर्य को दिया गया मैन ऑफ द मैच।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को रोमांचक मुकाबला एसआरएमएस फाइटर व एसआरएमएस किंग्स के बीच खेला गया। इसमें फाइटर ने किंग्स को आठ रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस फाइटर की टीम ने 37.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 211 रन बनाए। एसआरएमएस किंग्स की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और 28.3 ओवर में 203 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रेयांश मौर्य को मैन ऑफ द मैच दिया गया। समर कप क्रिकेट का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने दोनो टीमों से परिचय प्राप्त करके किया।

## प्रथम राज्य स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट पांच से

बरेली। जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा आयोजित 13वीं, श्रीराम मूर्ति मेमोरियल प्रथम राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता पांच से सात जून को एसआरएमएस संस्थान में आयोजित हो रही है। विजेता को 70 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के सह प्रायोजक स्टेज ग्लोबल मेरठ है। आयोजन सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान ने बताया कि इस टूर्नामेंट में राज्य के 25 करीब 525 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 टेबल पर होने वाले इस टूर्नामेंट को कवर को अंतर्राष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी प्रमोद यादव, कंपटीशन मैनेजर एन.के लाहिरी के अलावा 22 टेबल अंपायर्स भाग लेंगे।

# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 3 जून 2026


PAGE NO : 06 BOTTOM

# पांच से सात जून तक आयोजित होगी टेबल टेनिस प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

## टूर्नामेंट में राज्य के 25 जिलों से करीब 525 खिलाड़ी लेंगे भाग

बरेली। उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ और जिला टेबल टेनिस संघ 13वीं श्री राम मूर्ति मेमोरियल राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता पांच से सात जून तक एसआरएमएस संस्थान में होगी। इसमें विजेताओं को नकद राशि भी दी जाएगी।

टूर्नामेंट में राज्य के 25 जिलों से करीब 525 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 10 टेबल पर खेली जाएगी। लगभग 750 मैच होंगे। आयोजन सचिव दीपक कामथन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, उप रेफरी प्रमोद यादव और प्रतियोगिता प्रबंधक एनके लाहिरी सहित 22 अंपायर टूर्नामेंट का संचालन करेंगे।

राष्ट्रीय खिलाड़ी दिव्यांश श्रीवास्तव, सार्थ मिश्रा और अवनी त्रिपाठी भी इसमें हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में होप्स, कैडेट, सब जूनियर, जूनियर, यूथ और पुरुष व महिला वर्ग में एकल मुकाबले होंगे।

उत्तर प्रदेश की महिला टीम ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहली बार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ उनका सम्मान करेगा।

# अमर उजाला

बरेली

बुधवार, 3 जून 2026


**PAGE NO : IV TOP**

■ क्रिकेट : समर कप क्रिकेट टूर्नामेंट भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस खेल मैदान पर सुबह 8 बजे से

# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 3 जून 2026


PAGE NO : 06 BOTTOM

## फाइटर ने किंग्स को आठ रन से हराया




समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि। स्रोत : स्वयं

बरेली। एसआरएमएस के मैदान पर आयोजित समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को एसआरएमएस फाइटर ने एसआरएमएस किंग्स को आठ रन से हरा दिया। मुकाबले में श्रेयांश मौर्य ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस फाइटर ने 37.4 ओवर में 211 रन बनाए। श्रेयांश मौर्य ने 83 गेंदों में 81 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनकी पारी में 10 चौके शामिल थे। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस किंग्स की टीम 28.3 ओवर में 203 रन पर ऑलआउट हो गई। फाइटर के गेंदबाजों ने महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लिए। श्रेयांश मौर्य ने आठ ओवर में 38 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने किया। संवाद